Title: Need to send a Central team to Bihar to assess the damage caused by recent floods and provide relief to the affected people. – Laid.

श्री अनिरूद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज): अध्यक्ष महोदय, उत्तर बिहार की प्रमुख नदियां गंडक, महानंदा, साबरमती और बागमती नेपाल से होकर आती हैं। महोदय, नेपाल के प्रतिर्वा मानसून के दौरान अपने जलग्रहण क्षेत्र से बिना पूर्व सूचना के अनियंत्रित मात्रा में पानी छोड़ देने से बिहार बाढ़ की चपेट में आ जाता है। बाढ़ की विभीाका इतनी भयंकर होती है कि बाढ़ की चपेट में प्रतिर्वा बिहार में सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है और हजारों गांव पूरी तरह से तबाह हो जाते हैं। हाल ही में बिहार में आयी बाढ़ इसका जीता जागता उदाहरण है। महोदय, पूर्ववर्ती राट्रीय जनतांत्रिक सरकार ने इस समस्या से निपटने हेतु कोई भी कार्यवाही नहीं की।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि इस समस्या का स्थायी हल निकालने हेतु भारत सरकार नेपाल सरकार से बातचीत करे और हाल ही में बिहार में आयी बाढ़ का जायजा लेने हेतु एक केन्द्रीय दल शीघ्रातिशीघ्र बिहार भेजा जाये, जो राज्य सरकार से मिलकर बाढ़ प्रभावित लोगों की हर संभ व मदद करे और इस बाढ़ से राज्य सरकार को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई करे।